तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार, 19 जून 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

12 कर्मा सामुदायिक भवन का लोकार्पण



14 केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू धमतरी पहुंचे, हुआ भव्य स्वागत



## खबर संक्षेप

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को

**धमतरी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून को किया जाएगा। इस अवसर पर जिलेवासियों द्वारा योग का प्रदर्शन किया जाएगा। उपसंचालक समाज कल्याण ने सभी कार्यालय प्रमुखों को अपने स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित कर उससे संबंधित फोटोग्राफ्स, पेपर कटिंग समाज कल्याण विभाग के ई-मेल डीपीएसडब्ल्यू डाट धमतरी एटदरेट जीमेल डाट पर व्हाट्सएप के जरिए भेजने कहा है।

### धीवर समाज भवन में होगा योग

**धमतरी।** योग दिवस पर 21 जून को सुबह 6 से 8 बजे तक धीवर समाज भवन महिमासागर वार्ड धमतरी में योग महोत्सव का आयोजन किया गया है। समाज के युवा योग प्रशिक्षक कोमल सार्वा एवं योग में पारंगत धीवर समाज की बालिकाओं द्वारा योग करवाया जाएगा। आयोजन की तैयारी में धीवर समाज जुटा है।

### सांकरा में निदान कार्यक्रम आज व कल



**सांकरा।** दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंग, कैलीपर्स, सहायक उपकरण, मापन, वितरण के लिए निदान कार्यक्रम 19 और 20 जून को रखा गया है। सहायक संचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत सांकरा स्थित मानस भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, कृत्रिम अंग, कैलीपर्स प्रदान किया जाएगा। उन्होंने दिव्यांगजनों से कार्यक्रम का लाभ उठाने की अपील की है।

### विश्व सिकलसेल दिवस आज

**धमतरी।** विश्व सिकलसेल दिवस का आयोजन 19 जून को किया जाएगा। इसके मद्देनजर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसके मण्डल ने जिला चिकित्सालय में अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले में 19 जून को सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक सिकलसेल स्क्रीनिंग एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सभी उपस्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित जिला अस्पताल में किया जाएगा। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग, आदिवास विकास विभाग, शिक्षा विभाग के समन्वय से किया जाएगा। इस दौरान सिकलसेल जेनेटिक कार्ड प्रदान किया जायेगा।

### सॉफ्ट टॉय निर्माण प्रशिक्षण के लिए आवेदन 24 तक

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी द्वारा सॉफ्ट टॉय निर्माण एवं विक्रेता प्रशिक्षण तथा जूट प्रोटक्ट उद्यमी प्रशिक्षण के लिए 24 जून तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। निःशुल्क एवं आवासीय सुविधा युक्त इस 13 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के ग्रामीण बेरोजगार महिला एवं पुरूष स्वरोजगार के इच्छुक आवेदक आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज बीपीएल राशन कार्ड, प्रमाण-पत्र, 4 पासपोर्ट साईज की फोटो, आधार कार्ड एवं मनरेगा जॉब कार्ड की फोटो कॉपी के साथ कम्पोजिट भवन के पीछे स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान में आवेदन जमा किया जा सकता है।

जिले को जल्द ही मिलेगा इंटरसेप्टर वाहन, हाईवे में होगी तैनाती

# थमेगा रफ्तार का कहर, इंटरसेप्टर से तुरंत होगी वाहनों की स्पीड जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



फाइल फोटो

रफ्तार के कहर पर लगाम लगाना अब आसान होगा। जिले को जल्द ही इंटरसेप्टर वाहन की सौगात मिलेगी। इस वाहन से न सिर्फ वाहनों की स्पीड परखी जा सकती है, बल्कि शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों की जांच भी की जा सकती है। गाड़ियों का ऑनलाइन चालान भी तुरंत भेजा जा सकेगा।

बाईपास मार्ग बनने से शहर के भीतर दुर्घटनाएं थोड़ी कम हुई, इसके विपरीत बाईपास और फोरलेन सड़क पर दुर्घटनाएं शुरू हो गई है। नॉन स्टाप, चमचमाती सड़क बनने से गाड़ियां अंधाधुंध रफ्तार से सड़क पर दौड़ती हैं। लापरवाह वाहन चालकों पर कार्रवाई अब इंटरसेप्टर मशीन से आसान हो जाएगी। यातायात मुख्यालय ने दुर्घटना की रोकथाम व कार्रवाई को बढ़ाने के लिए 15 इंटरसेप्टर वाहन खरीदे हैं, जिसमें से एक वाहन को धमतरी जिले के ट्रैफिक अमले को दिया जाना है। जानकारी के अनुसार इस वाहन को नेशनल हाईवे में तैनात रखा जाएगा। इंटरसेप्टर वाहन कई प्रकार की आधुनिक सुविधाओं से लैस है, जिसमें वाहनों की स्पीड जांच के साथ, वाहन को ऑटोमैटिक स्कैन कर ई-चालान जनरेट करना, शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों की स्पाट में जांच करना जैसी सुविधा शामिल है।

### एडवांस सुविधाओं से लैस होगा वाहन

इंटरसेप्टर वाहन पर लगा कैमरा 360 डिग्री घूम सकता है। इससे किसी भी वाहन की ओवरस्पीड को आसानी से ट्रेस किया सकेगा। वाहन में लगी मशीन व मॉनिटर पर वाहन की गति सीमा देखी जा सकती है। अधिक रफ्तार होने पर मशीन से तत्काल चालान कट जाएगा। इस वाहन में वीडियोग्राफी करने की सुविधा है। इंटरसेप्टर की मदद से किसी वाहन में कितने लोगों के बैठने की जगह और कितने लोग बठे हुए हैं, इसकी भी जांच तुरंत कर ली जाएगी। ओवर लोडिंग को भी स्पाट पर ट्रेस किया जा सकेगा। एक वाहन की लागत करीब 30 लाख रुपए है।

### सड़कों पर लग रहे बोर्ड

ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाने के लिए सड़कों पर बोर्ड लगाने का काम चल रहा है। हाईवे, मुख्य मार्ग में कौन सा रास्ता कहां जाता है, इसकी जानकारी साइनबोर्ड के माध्यम से यात्रियों को दी जाएगी। पार्किंग स्थलों पर पार्किंग का साइन बोर्ड लगाया जाएगा। गति सीमा उल्लेख करते हुए भी बोर्ड लगाया जाएगा।

### डिमांड की गई है


ट्रैफिक की समस्या को देखते हुए इंटरसेप्टर वाहन की डिमांड की गई है। अब तक यह वाहन जिले को नहीं मिला है। ये वाहन अब तक मैट्रो सिटी में यूज किए जाते थे। इस वाहन से स्पाट पर ही कई प्रकार कार्रवाई तत्काल की जा सकती है।

- मणिशंकर चंद्रा, *डीएसपी ट्रैफिक*

# ऑनलाइन गेम के नाम पर घर-घर दस्तक दे रहा जुआ

**लूडो, रमी, एविटर, टीसी लॉट्री जैसे अनेक गेम में हो रहा करोड़ों का खेल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जुआ, सट्टा का गेम खेलना कानूनी अपराध की श्रेणी में आता है। आज भी जुआरी पुलिस के डर से जंगल तथा सुनसान एरिया में छिपकर जुआ खेलते हैं लेकिन अब जुआ का खेल आनलाइन गेम के नाम पर घर-घर दस्तक दे रहा है। हालत यह है कि आज कई परिवार आनलाइन गेम में पैसे की हार-जीत का खेल खेल रहे हैं। पैसे का लेनदेन बैंक एकाउंट के माध्यम से हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि लूडो, जंगली रमी गेम खेलने के लिए मोबाइल पर बकायदा विज्ञापन चल रहा है। ऐसे विज्ञापन में प्रसिद्ध हास्य कलाकार कपिल शर्मा, क्रिकेटर हरभजन सिंह जैसे नामदार लोग इसका प्रचार कर रहे हैं। अंबानी ग्रुप के एविटर एप सहित अनेक लिंक के माध्यम से लोग जुए की लत में फंसते जा रहे हैं। एविटर एप में गेम खेलने वाले प्रशांत ने बताया कि इस एप का गेम बहुत इंट्रेस्टिंग हैं। जैसे गेम शुरु होता है, आप एक रूपए से लेकर हजारों रुपए का दांव लगा सकते हैं। इसमें नियम यह है कि गेम शुरु होते ही हर दो से पांच सेकंड के अंदर दो गुना, तीन गुना, पांच गुना ऐसे करते हुए आठ से दस गुना तक जाता है। खिलाड़ी को इस गेम में एरोप्लेन उड़ने से पहले बटन दबाना पड़ता है। अगर एरोप्लेन उड़ने से पहले बटन दबा दिया तो जितने गुना हुआ रहता है, उतना गुना आपका लगाया गया पैसा बढ़ता है। लेकिन बटन दबाने से पहले एरोप्लेन उड़ गया तो आप पैसा हार जाते हैं। यह लालच का गेम है।

नारद राम ने बताया कि उनके कुछ दोस्तों ने उनके मोबाइल पर लिंक दिया है। इस लिंक में टीसी लॉट्री के अलग-अलग चार गेम हैं। जिसमें विन गो के 3 लायट्री, 5 डी लॉट्री, टीआरएक्स विन जैसे गेम खिलाया जाता है। यह गेम 24 घंटे आनलाइन रहता है लेकिन दिन में 4 बार मीटिंग गेम होता है। मीटिंग गेम में लॉट्री एक्सपर्ट बुलाए जाते है। इसमें ग्रीन, वायलेट, रेड का आप्शन रहता है। इसमें एक रूपये से लेकर पचास रुपए तक डालकर किसी एक कलर का चयन करना पड़ता है। मीटिंग में एक्सपर्ट कलर चूस करने का आयडिया बताते हैं। यह कलर पहले बार में नहीं आया तो जितनी पहली बार खेली गई राशि को डबल करके खेला जाता है। एक्सपर्ट गारंटी देता है कि आठ से दस राउंड में वह कलर बिल्कुल आएगा और वह कलर आता भी है। लोग पांच से छह राउंड तक खेल लेते हैं लेकिन आठ से दस राउंड होने तक लोग अपने एकाउंट का सारा पैसा हार जाते हैं। इस गेम को कई लोग अपने घर में खेल रहे हैं। खेल का लेन-देन बैंक एकाउंट से आनलाइन होता है। हारने पर तुरंत एकाउंट से पैसा कटता है, वहीं जीतने पर तुरंत एकाउंट में पैसा आ जाता है। जितना पैसा जीतते हैं । उतने पैसा का दो प्रतिशत काटकर एकाउंट में आता है।

इस संदर्भ में एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने कहा कि गेम खेलने के लिए विज्ञापन दिया जा रहा है तो हो सकता है वह लीगल हो। उन्होंने बताया कि दो प्रकार से खेल होते हैं। चांस और स्कील। क्रिकेट में टीम बनाकर गेम खेलते हैं वह चांस में आता है लेकिन स्कील के तहत खेलने वाले गेम में अपराध दर्ज किया जा सकता है।

### जुआ एक लत है, इससे दूर रहना चाहिए

मनोविज्ञान के जानकार लखन साहू ने बताया कि जुआ एक नशे की तरह है। लगातार खेलने से इसकी लत लग जाती है। लत लगने पर लोग चोरी के अलावा घरों का सामान बेचकर जुआ खेलते हैं। हर किसी को जुए की लत से दूर रहना चाहिए।

# दो दिन से लापता युवक की लाश खेत में मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



दो दिन से लापता युवक की लाश खेत में मिली है। युवक की पहचान ग्राम पेंडरवानी निवासी के रूप में की गई है। मामला नगर पंचायत आमदी का है।

मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम आमदी स्थित नगर पंचायत भवन से कुछ दूरी पर एक युवक की औंधेमुंह पड़ी लाश देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस शव की शिनाख्ति के प्रयास में जुट गई। तलाश में युवक की जेब से मोबाइल बरामद किया। उक्त मोबाइल में लगातान फोन भी आ रहा था। पुलिस ने फोन के माध्यम से युवक की पहचान ग्राम पेंडरवानी थाना गुरुर निवासी अजय साहू पिता छबिलाल उम्र 24 वर्ष के रूप में की। जांच में युवक की मौत चूहामार दवाई के सेवन से होना पाई गई। शव की पहचान होने के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। पंचनामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए शव को जिला अस्पताल भेज दिया। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया।

बताया जाता है कि युवक मानसिक रूप से बीमार था। उसका अस्पतालों में उपचार भी जारी था। युवक रविवार को परिजनों को बगैर कुछ बताए घर से कहीं चला गया था। अजय के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरु कर दी। कंवर पुलिस चौकी में गुमशुदगी भी दर्ज कराई गई थी। इसी दौरान अजय साहू की लाश नगर पंचायत आमदी के खेत में पड़े होने की परिजनों को सूचना मिली।

# ट्रैफिक पुलिस ने शहर में किया पार्किंग स्थल का चिन्हांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर में यातायात व्यवस्था बनाये रखने ट्रैफिक पुलिस द्वारा पार्किंग स्थल का चिन्हांकन किया गया। वहीं नेशनल हाईवे में नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई की गई है।

शहर में पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से आने-जाने वाले अपने वाहन को मार्ग में कहीं भी खड़ा कर देते हैं जिससे आवागमन बाधित होता है। इसे ध्यान में रखते हुये पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार यातायात डीएसपी मणिशंकर चन्द्रा द्वारा पार्किंग स्थल के लिये शहर का निरीक्षण किया। इस दौरान गुरूद्वारा गली, अमर टाकीज के पीछे, गोल बाजार सराय काम्पलेक्स, नगर निगम के बाजू इतवारी बाजार स्थित पानी टंकी के सामने के स्थान को कार व मोटर साइकिल पार्किंग के लिये चिन्हांकित किया गया। उक्त स्थानों पर पार्किंग बोर्ड लगाने के लिये नगर निगम को पत्राचार किया गया। पार्किंग स्थल के जल्द शुरू हो जाने से व्यवसायियों एवं ग्राहकों को वाहन रखने में सुविधा होगी। इस दौरान यातायात पुलिस ने ट्रेफिक नियमों का पालन कराने नेशनल हाईवे में बेतरतीब खड़े 14 वाहनों एवं रान्ग साइड चलने वाले 7 वाहन चालकों पर कार्रवाई की। यातायात पुलिस ने आमजनों व वाहन चालकों से ट्रेफिक नियमों का पालन कर सहयोग करने की अपील की है।

- नो-पार्किंग में खड़े वाहनों पर की कार्रवाई



# घर के बाहर खड़ी मोटर साइकल में लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



घर के बाहर खड़ी पल्सर मोटरसाइकिल में अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी। इस घटना में मोटरसाइकिल जलकर खाक हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय हटकेशर वार्ड के बाजार चौक निवासी रमेश देवांगन पिता दुखुराम उम्र 50 वर्ष ने सोमवार की रात्रि अपनी पल्सर क्रमांक सीजी 05 एएल 4455 को अपने घर के बाहर खड़ा किया था। बुधवार की सुबह 4 से 5 बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति ने उक्त मोटरसाइकिल में आग लगा दी। घटना की जानकारी होने पर घरवालों व आसपास के लोगों ने पानी डालकर आग को बुझाया। आग बुझाए जाने तक मोटरसाइकिल का काफी हिस्सा जलकर खाक हो गया था। सुबह-सुबह हुई इस आगजनी से मोहल्ले में हड़कंप मच गया। वाहनमालिक रमेश देवांगन ने घटना की शिकायत सिटी कोतवाली में की है। शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना में जुट गई है।

बताया जाता है कि घटना की फुटेज आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज से पता चला कि मंगलवार की अलसुबह बनियान व हाप पैंट पहना एक व्यक्ति पैदल हटकेशर के बाजार चौक पहुंचा था। यहां कुछ देर रूकने के बाद घर के सामने खड़ी पल्सर में दबे कपड़े में आग लगाकर चला जाता है।

- घटना की फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद

**बलौदाबाजार कांड : भाजपा सरकार आते ही प्रदेश में हिंसक घटनाएं बढ़ी, एक समाज को बनाया जा रहा मोहरा**

# कांग्रेसियों ने किया धरना-प्रदर्शन, मुख्यमंत्री-गृहमंत्री से मांगा इस्तीफा




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बलौदाबाजार में प्रदर्शन के दौरान कलेक्टोरेट, एसपी दफ्तर व सरकारी वाहनों पर आगजनी की घटनाएं हुईं। इस घटना में अपराधियों को छोड़कर निर्दोष लोगों पर कार्रवाई की जा रही है। भाजपा सरकार इस मामले में दोषी हैं। नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री, गृहमंत्री को त्यागपत्र देना चाहिए। उक्त बातें मंगलवार को गांधी मैदान में धरना-प्रदर्शन पर बैठे कांग्रेसियों ने कही।

कांग्रेसियों ने कहा कि इस कांड की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई व निर्दोष को बरी किया जाना चाहिए। ज्ञात हो कि इस घटना को लेकर पूरे प्रदेश में मंगलवार को कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रपति, राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। धरना में शामिल पूर्व विधायक गुरुमुखसिंह होरा ने कहा कि भाजपा की सरकार आते ही प्रदेश में हिंसक घटनाएं होती हैं। झीरम जैसी बड़ी घटनाएं हुईं। धमतरी में किसान कांड हुआ। दिल्ली बार्डर पर आंदोलन, किसानों की गिरफ्तारी हुई। ऐसी सरकार को पद पर रहने का अधिकार नहीं है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ की पहली घटना है, प्रधानमंत्री का एक अकेला नारा सब पर भारी पड़ गया। एक व्यक्ति पूरे समाज पर भारी हो रहा है। समाज के धार्मिक स्थल को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। समाधान करने में सरकार नाकाम है। कलेक्टर, एसपी को निलंबित कर दिया, जबकि सीएम और गृहमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए।

विधायक ओंकार साहू ने कहा कि बलौदाबाजार कांड में एक समाज को मोहरा बनाकर कार्रवाई की जा रही है। लोगों को टारगेट कर गिरफ्तार किया जा रहा है। इस मामले में सीएम, गृहमंत्री दोषी हैं। मोहन लालवानी ने कहा कि सरकार अपनी नाकामी छिपाने निर्दोषों पर अत्याचार कर रही है। जांच का दायरा बढ़ाकर असली मुजरिम पकड़े और कार्रवाई करें। सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, महापौर विजय देवांगन, पूर्व विधायक हर्षद मेहता, लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि बलौदाबाजार की घटना निंदनीय हैं। इसकी जांच कराकर जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी

⏩ शेष पेज 12 पर



**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### शिव सेवा संकल्प समिति ने की आमातालाब की सफाई

**धमतरी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण, स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण के सामाजिक दायित्व को पूर्ण करते हुए शिव सेवा संकल्प समिति ने नगर के तालाबों की सफाई एवं सौंदर्यीकरण कार्य किया। संस्था के पदाधिकारी, सदस्यों ने पर्यावरण दिवस के दिन शहर के आमातालाब के किनारे फैली गंदगी, प्लास्टिक, कचरे को साफ़ कर स्वच्छता का संदेश दिया। शिव सेवा संकल्प समिति के अध्यक्ष रामचंद देवांगन ने बताया कि पर्यावरण का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत जरूरी है। आज की भागदौड़ वाली जिंदगी में बढ़ते तापमान को कम करने के लिए कूलर में पानी डालने की बजाय पेड़ पौधों में पानी डालना ज्यादा आवश्यक है।

## निधन

### अशोक सोनी



**धमतरी।** डिपोपारा अटल आवास निवासी अशोक सोनी उम्र लगभग 56 वर्ष पिता स्व. भुवनेश्वर सोनी का निधन हो गया। वे महेश, प्रहलाद एवं मन्नू सोनी के भाई थे। अंतिम यात्रा निवास स्थान से सोरिद मुक्तिधाम के लिए निकली। उनके निधन पर स्वर्णकार समाज ने शोक व्यक्त किया है।

### विक्रम साहू



**कुरुद।** ग्राम मेंडरका निवासी विक्रम साहू का अल्पायु में रविवार को निधन हो गया। वे श्रीमती कुमारी बाई, सेवकराम साहू के पुत्र थे। उनके अंत्येष्टि कार्यक्रम में ग्रामवासी, नाते-रिश्तेदार शामिल हुए।

पेज 11 का शेष

### बलौदाबाजार कांड : कांग्रेसियों ने किया धरना-प्रदर्शन, मुख्यमंत्री-गृहमंत्री से मांगा इस्तीफा

होनी चाहिए। ग्रामीण और निर्दोष लोगों पर सरकार अत्याचार करना बंद करें।

धरना प्रदर्शन के दौरान विनोद गिरी, आकाश गोलछा, सूर्यप्रभा चेटियार, घामेश्वरी साहू, घनश्याम साहू, ईश्वर देवांगन, आशीष शर्मा, डीहूराम साहू, राजू साहू, वसीम कुरैशी, चंद्रहास साहू, राजेश ठाकुर, सविता कंवर, योगेश शर्मा, योगेश लाल, राजेश पांडे, अंबिका सिन्हा, नरेंद्र सोनवानी, होरीलाल साहू, विक्रांत शर्मा, संजय डागौर, कमलेश सोनकर, खिलेश्वर देवांगन, वार्ताजलि गोस्वामी, उदित साहू, धर्मेंद्र पटेल, प्रवीण नामदेव, हितेश गंगबीर, युवराज शर्मा, दयाराम साहू, आशुतोष खरे, कुलेश्वर देवांगन, संजू साहू, विरेंद्र साहू, तारिक रजा कादरी, गणेश्वरी कामडे, तिलक सोनकर, सूर्यकांत तिवारी सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### साल्हेटोला में पूजा-अर्चना के साथ हुई भक्त माता कर्मा की प्राण-प्रतिष्ठा

# कर्मा सामुदायिक भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी





तहसील साहू समाज नगरी सिहावा के मावली परिक्षेत्र के साल्हेटोला में नवनिर्मित कर्मा सामुदायिक भवन का लोकार्पण एवं भक्ति माता कर्मा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आशाराम नेताम विधायक कांकेर विधानसभा क्षेत्र थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता काज राम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज मावलीपारा, संरक्षक प्रदीप साहू ने की। विशेष अतिथि भोजराज नाग नवनिर्वाचित सांसद कांकेर लोकसभा क्षेत्र, शिशुपाल सोरी पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव, अवनेंद्र अध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी, पुनीतराम साहू संरक्षक, कंवलराम साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी सिहावा, भुनेश्वरी साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी, संजुलता नेताम अध्यक्ष जनपद पंचायत नरहरपुर, संजू गोपाल साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नरहरपुर, श्रीमती तारा ठाकुर जिला पंचायत सदस्य कांकेर, हीरा मरकाम, पुरुषोत्तम नाग, पुरुषोत्तम पाटिल, राजेंद्र भास्कर, दयाराम भास्कर, गैंदूराम मंडावी, मनीराम साहू, त्रिभुवन लाल साहू, तुलसी साहू, गणेशराम गंगबेर, अनिरुद्ध साहू अध्यक्ष संचालक मंडल, जीतू साहू मीडिया प्रभारी, अंगेश हिरवानी अध्यक्ष परिक्षेत्रीय घठुला, भूपत कुमार साहू बिरगुड़ी, दिनेश साहू नगरी की उपस्थिति में भवन का लोकार्पण एवं 15 लाख से बनने वाले शेड निर्माण का भूमिपूजन हुआ। भक्तिन माता कर्मा की मूर्ति प्राण- प्रतिष्ठा पूजा-अर्चना कर की गई। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज से बढ़कर कोई नहीं है। समाज के संगठन को मजबूत कर हमारी पूर्वजों द्वारा धरोहर के रूप दी गई इस परंपरा व संकृति को बचाए रखना है ताकि आने वाली हमारी पीढ़ी सुरक्षित व संस्कारवान बने।

इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत मावलीपारा परिक्षेत्र के लोकनाथ साहू, रोमलाल साहू, शिवप्रसाद साहू, चुम्मनलाल साहू, अयतुराम साहू, भूपेंद्र साहू, चंद्रभान साहू, रेखराम साहू, दसरूराम साहू , दशरथ साहू, श्रीमती गायत्री महमल्ला, महेश्वरी साहू, ममता साहू, सरोज साहू, दिनेश्वरी साहू ने किया। इस अवसर पर समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सोलरपंप और सार्वजनिक शौचालय के पास फैली गंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



नगरी विकासखंड की ग्राम पंचायत पोडागांव में स्वच्छ भारत मिशन का पालन नहीं किया जा रहा है। सोलर टंकी के पास नल-जल कनेक्शन से निकलने वाला पानी व्यर्थ बह रहा है। सोख्ता गड्ढा नहीं होने के कारण पानी सोलर टंकी के साथ- साथ सार्वजनिक शौचालय के सामने जमा हो गया है। इससे दलदल की स्थिति बन गई है। नाली की साफ सफाई नहीं होने से वह पूरी तरह मिट्टी से पट चुकी है। पेयजल टंकी के आसपास, शौचालय एवं विभिन्न स्थानों की साफ-सफाई नहीं होने से स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है। दलदल भरे पानी में मच्छर पनप रहे हैं। मोहल्लेवासियों ने बताया कि इसके बारे में कई बार ग्राम पंचायत को अवगत करा चुके हैं। उसके बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## केंद्रीय राज्य मंत्री का हुआ जोशीला स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



तहसील साहू समाज कुरूद द्वारा नगर के सांधा चौक में कांकेर प्रवास पर निकले केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का प्रथम कुरूद आगमन पर गुलदस्ता भेंट एवं फूल माला पहनाकर मां कर्मा माता के जयकारे लगाते हुए जोशीला स्वागत किया गया। मंगलवार को दोपहर ढाई बजे प्रदेश साहू समाज उपाध्यक्ष मालकराम साहू की अगुवाई में नगर एवं तहसील साहू समाज के पदाधिकारियों ने केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू को कांकेर प्रवास के दौरान सांधा चौक में पटाखे फोड़कर एवं जयकारा लगाते हुए पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, तिलकराम साहू, नंदकुमार साहू, जिला साहू समाज पूर्व उपाध्यक्ष मनीष साहू, रामेशर साहू, टेकराम साहू, गायत्री साहू, लिखन साहू, खेमन साहू, तेजनलाल साहू, पवन साहू, गैंदलाल, गोकुल साहू, पवन कुमार, कुलदीप, शैलेंद्र, योगेश्वर, डेमन साहू सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

## रीजन हैंडबॉल स्पर्धा की तैयारी में जुटे खिलाड़ी



**धमतरी।** अगले माह महासमुंद में प्रस्तावित रायपुर रीजन की हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए केन्द्रीय स्कूल धमतरी के खिलाड़ी तैयारी में जुटे हैं। प्राचार्य गिरीश बाबू कुस्तवार के निर्देशन में खेल शिक्षक शैलेन्द्र पांडेय, कोच अजय नेताम के मार्गदर्शन में खिलाड़ी रोजाना सुबह हैंडबॉल की तैयारी कर रहे हैं। केन्द्रीय स्कूल के खिलाड़ी येयांश नाग, विनय कुमार, हर्ष कुमार, मयंक, प्रोतेश, रणवीर, देबाशीष, निखिल कुमार, सोहम, रूद्रांश, आदित्य, प्रवेश कुमार प्रस्तावित टूर्नामेंट के लिए मेहनत कर रहे हैं।

## गुरुदेव की शरण में जाने से सभी कष्ट दूर होंगे : संत लोकेश



■ चालीहा महोत्सव के 17 वें दिन हुआ अंत्याक्षरी कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

श्री प्रेमप्रकाश मंडलाचार्य सद्गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज के 138 वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित चालीहा महोत्सव के 17 वें दिन किसी गुप्त गुरु भक्त परिवार ने पूजा एवं प्रसाद सामग्री भेजी। इस दौरान भक्तों के मध्य अंत्याक्षरी कार्यक्रम भी हुआ। सत्संग सभा में संत लोकेश ने कहा कि गुरु आनंद की आशा है तो अपने गुरुदेव की शरण में जाकर आत्मदेव का अभय ज्ञान प्राप्त करो। इससे सभी प्रकार के कष्ट समाप्त हो जायेंगे। आगे कहा कि जिस काम के लिए तुम्हारा जन्म हुआ है। उस काम को करने के लिए तुरन्त जुट जाओ क्योंकि काल का बाजा तुम्हारे सिर पर निरंतर बज रहा है। सांस खत्म हो रही है। मौत की निकटता बढ़ती जा रही है। हरि से मिलने के लिए तुरंत आलस्य को छोड़कर गुरु के नाम का जाप करो। अटल विश्वास से हरि का ध्यान करो।

### सांकरा में सामुदायिक भवन का लोकार्पण

**सांकरा।** रविवार को ग्रामीण साहू समाज द्वारा सामुदायिक भवन का लोकार्पण कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती अंबिका मरकाम विधायक सिहावा विधानसभा क्षेत्र थी। अध्यक्षता पवन साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज सांकरा ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव पूर्व विधायक, कंवलराम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज नगरी, श्रीमती सुलोचना साहू सभापति जनपद पंचायत नगरी, शशि ध्रुव सरपंच सांकरा, पारस साहू उपसरपंच, जन्मेजय साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज सांकरा, भूषण लाल साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी नगरी, थे।

## नवीन पंचायत भवन निर्माण में बाधा डालने वालों पर ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग



### तहसीलदार ने शासकीय कार्य में सहयोग करने लिखा था पत्र

न्यायालय तहसीलदार मगरलोड ने 18 मार्च को रिखीराम पिता रामजी साहू के नाम ज्ञापन जारी कर कहा है कि सरपंच की मौखिक शिकायत पर हल्का पटवारी से स्थल जांच प्रतिवेदन लिया गया है। कोटवार, सरपंच, ग्राम पटेल एवं अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में स्थल जांच की गई है। खसरा नं. 637 रकबा 0.40 हे. शासकीय मद की भूमि में से 18.40 गुना 10.50 वर्गमीटर में ग्राम पंचायत अरौद द्वारा नवीन पंचायत भवन का निर्माण किया जा रहा है जहां स्वयं की भूमि बताकर मिट्टी डाली गई है। यह भूमि शासकीय मद की है। वाद भूमि पर निर्माण कार्य बंद नवीन पंचायत भवन निर्माण में बाधा उत्पन्न नहीं करें अन्यथा दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ मामला मगरलोड के ग्राम पंचायत अरौद का

ग्राम पंचायत अरौद में नवीन पंचायत भवन निर्माण में बाधा डालने वालों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग कलेक्टर से की गई है। मगरलोड थाना क्षेत्र के ग्राम अरौद सरपंच रुक्मणि साहू, पंच हेमलता साहू, पुष्पा साहू, सुमन साहू, हीराराम साहू, गैंदूराम, विकास कमार ने मंगलवार को कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपकर कहा है कि ग्राम पंचायत अरौद में नवीन पंचायत भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है।

खोदे गए कालम गड्ढे को गांव के तीन लोगों व उनके परिवार द्वारा पाट दिया गया है। इनके द्वारा पूर्व में भी बलपूर्वक काम में बाधा डाला गया था। इसकी सूचना मगरलोड थाना प्रभारी को दी गई है। सरपंच सहित ग्रामीणों ने बाधा उत्पन्न करने वालो के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

## सेंट मेरी स्कूल की प्रिंसिपल को दी विदाई

**धमतरी।** सेंट मेरी इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्रिंसिपल सिस्ली जोसेफ का अन्य स्कूल में स्थानांतरण होने पर विदाई कार्यक्रम रखा गया। स्कूल स्टाफ ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



Pride of Dhamtari







विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

### पुरूर में आदर्श सेवा समिति चलायेगी स्वच्छता अभियान

# प्राचीन हनुमान मंदिर का होगा जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरूर(धमतरी)





ग्राम पुरूर में आदर्श सेवा समिति द्वारा गांव में पौधरोपण एवं सार्वजनिक व धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई के साथ ही गांव में स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा।

पंचायत भवन में सरपंच श्रीमती सुकीर्ति यादव की अध्यक्षता में आदर्श सेवा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में युवकों को नशामुक्ति हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। आज के दौर में खासकर युवा वर्ग विभिन्न प्रकार के नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं जिसे बचाने के लिए लोगों में जागरूकता लाना जरूरी है। गांव के तालाबपार एवं महिला घाट पर कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा शाम को नशापान किये जाने की शिकायत मिली है जिस पर प्रतिबंध लगाया जायेगा। गुरुवार को गांव की आराध्य देवी मावली माता मंदिर प्रांगण एवं आसपास साफ -सफाई की जायेगी। समिति द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गांव में पौधरोपण एवं उनकी सुरक्षा हेतु आम लोगों को जागृत किया जायेगा। बैठक में बाजार चौक स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार जनसहयोग से करने का निर्णय भी लिया गया। गांव में प्रत्येक घर में सोख्ता गड्ढा बनाने प्रेरित किया जायेगा। बैठक में कुंवर सिंह नागवंशी, तुलसीराम नागवंशी, मुकेश यादव, डीके साहू, डीएस हिरवानी, रामदयाल साहू, अशोक कुमार सिन्हा, जितेन्द्र यादव, ग्राम पटेल कीर्तन माला, आनंदराम साहू, दयाशंकर पावरिया, सावित्री साहू, सुलोचना साहू, टामेश्वरी साहू, गंगाबाई टंडन सहित पंचायत प्रतिनिधि, समिति के सदस्य एवं आश्रित ग्राम मुड़खुसरा के सेवानिवृत कर्मचारी एवं समाजसेवी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### खेलने के लिए निकला मासूम घर नही लौटा



**महासमुंद।** घर से सायकल लेकर निकला 12 साल का 24 घंटे बाद भी नही लौटा तो परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में गुम इंसान दर्ज कर तलाश शुरु की है। एक मासूम लापता है। परिजनों ने 24 घंटे आस पड़ोस तथा रिश्तेदारों के घर संपर्क किया जिसके बाद पुलिस में दर्ज रिपोर्ट में परिजनों ने बताया है कि योगेश्वर ध्रुव (दादू) फिंगेश्वर में पढ़ाई करता है। कुछ दिन पूर्व ही वह महासमुंद के मौहारी भाठा में अपनी बुआ के यहां आया हुआ है। सोमवार को 10 बजे वह घर से अपनी लाल रंग की सायकल लेकर खेलने निकला। लेकिन, देर रात तक नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। मंगलवार को पुलिस में इसकी सूचना दी गई। पुलिस ने मामले में गुम इंसान दर्ज कर लिया है।

### छग राज्य सड़क परिवहन निगम के तत्काल गठन की मांग

**रायपुर।** लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरगुन मेघवानी ने छत्तीसगढ़ राज्य सड़क परिवहन निगम का तत्काल गठन करने की मांग सरकार से की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मेघवानी ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य परिवहन का गठन न होने से गरीबों और आम जनता को अत्यधिक तकलीफ का सामना करना पड़ता है। प्राइवेट वाहन मनमाने ढंग से अपनी गाड़ियों का संचालन करते हैं, आए दिन सड़क पर प्रतिस्पर्धा के चलते खून-खराबा पिछले 20 साल से देखा जा रहा है। ऐसी स्थिति में तत्काल छत्तीसगढ़ राज्य सड़क परिवहन निगम का गठन सरकार करे, ताकि सड़क पर वाहनों की एकरूपता प्रदेश व अन्य प्रदेशों में देखी जा सके, जो पूर्व में थी। उन्होंने कहा कि छग में पिछले 20 सालों से स्थापित सरकारों द्वारा छग राज्य सड़क परिवहन निगम की अनदेखी की जा रही है। परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य सरकारों की अतिआवश्यक सेवा में आते हैं और छत्तीसगढ़ में ये तीनों व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं।

### महेश फिर बने गुप्ता समाज के अध्यक्ष



**रायपुर।** श्री कान्यकुब्ज वैश्य हलवाई, भुंजवा, भुजी, गुप्ता समाज कल्याण रायपुर समिति द्वारा रविवार को आमसभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गोल चौक स्थित श्री राधा निकुंज रोहिणीपुरम में किया गया, जिसमें नवगठित पदाधिकारी का स्वागत किया गया। आयोजन समिति के संस्थापक पूरनलाल गुप्ता ने बताया कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में प्रमुख सलाहकार एवं उपाध्यक्ष मनीष कश्यप, सचिव विजय गुप्ता, सहसचिव अनिल कश्यप, रवि चौधरी, कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता, नितेश गुप्ता, प्रचार-प्रसार मंत्री सुनील गुप्ता, विधि सलाहकार आकाश गुप्ता एवं कार्यकारिणी सदस्यों को आशीर्वाद प्रदान किया।

### गुरु टेऊंराम महाराज के चालीसा पाठ में हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

**रायपुर।** शैलेंद्र नगर स्थित प्रेमप्रकाश आश्रम में मंडलाचार्य गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज का 138वां जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। 1 जून से 11 जुलाई तक पूरे 40 दिन तक चलने वाले चालीसा महोत्सव में इस बार कानपुर से संत भोलाराम महाराज आए हुए हैं। इस संबंध में आश्रम के सेवादारों ने बताया कि प्रेमप्रकाश आश्रम द्वारा घर-घर चालीसा महोत्सव में प्रतिदिन पालकी निकालकर टेऊंराम महाराज का चालीसा पाठ और भजन-संध्या का आयोजन किया जाता है। यह परंपरा गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज द्वारा रात्रि में भजन-संध्या के आयोजन से शुरू हुई, जो अभी भी पूरे भारत ही नहीं, बल्कि अमेरिका, जापान, कनाडा और भी कई अन्य देशों में भी होती है। प्रेमप्रकाश आश्रम का प्रमुख आश्रम जयपुर शहर राजस्थान में है, वहां भी प्रतिदिन नियमित रूप से चालीसा का पाठ किया जाता है।

# श्रीराम वाटिका कॉलोनी में जनप्रतिनिधियों का सम्मान

## पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर एवं नपाध्यक्ष राशि महिलांग का हुआ अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय वार्ड नंबर 3 श्रीराम वाटिका अयोध्या नगर के निवासियों ने पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर एवं नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग का सम्मान किया गया।

बता दें कि श्रीराम वाटिका कॉलोनी के निवासियों ने कॉलोनी में अर्से से अस्थाई बिजली कनेक्शन को स्थाई करने के लिए विनोद सेवन लाल चंद्राकर के कार्यकाल में दो ट्रांसफार्मर स्वीकृत कराकर स्थाई विद्युत कनेक्शन की व्यवस्था की गई है। साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा कॉलोनी के नियमितीकरण की दिशा में कार्रवाई की गई। उबड़ खाबड़ रोड पर मुरम डलवाकर समतल कराया गया।



श्रीराम वाटिका की गलियों में स्ट्रीट लाइट लगाने काम जारी है। वहीं नालियों की नियमित सफाई कार्य की जा रही है। इस कार्य में त्रिभुवन महिलांग पूर्व उपाध्यक्ष नगरपालिका का सहयोग व मार्गदर्शन रहा। इससे कॉलोनीवासियों ने उत्साहित होकर पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर, नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग एवं पूर्व नपाउपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। लोगों ने कालोनीवासियों की मूलभूत सुविधा पानी, सड़क, नाली की व्यवस्था की मांग रखी, जिस पर नपाध्यक्ष ने शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोई भी कार्य जनप्रतिनिधि द्वारा पूर्ण कराए जाने के बाद कोई याद भी नहीं करते। लेकिन, श्रीराम कालोनी ने यह सम्मान दिया, उसके सभी आभार जताया।

इस अवसर पर दाऊलाल चंद्राकर, दिलीप चंद्राकर, अनिल ढीढी, नारायण साहू, ललित साहू, गोपीचंद निषाद, कमल दीवान, संतराम साहू, गणेश वैष्णव, ईश्वर जगत, गैंदूराम ध्रुव, राम प्रसाद यादव, खेमू राम सोनकर, गैंदूराम बर्मन, सेवक साहू, धनेश्वरी साहू, रुखमनी साहू, मीना ध्रुव, अरुणा गौर, रेनू साहू, अनुसुइया साहू, सुजाता दीवान, पुष्प लता बर्मन, ईशा टंडन, सीता वैष्णव के साथ साथ समस्त श्रीराम वाटिकावासी के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महेश ध्रुव एवं आभार प्रदर्शन उपेंद्र सोना ने किया।

# बागबाहरा के युवक की आक्सीजन की कमी से हुई केदारनाथ में मौत

**बागबाहरा।** फूलवारी पारा निवासी हेमंत सोनवानी पिता लक्खीराम राम सोनवानी अपने मित्रों के साथ केदारनाथ दर्शन हेतु गए हुए थे। उनके साथ गए उनके मित्रों के बताए अनुसार वह मंदिर के पास ऑक्सीजन की कमी के चलते 16 जून 2024 को समय करीब संध्या 7.15 को मृत्यु हो गई, जिसकी जानकारी खल्लारी की छाया विधायक अलका चंद्राकर को नरेंद्र बग्गा व बाला चंद्राकर नंदू सोनी संजय मालवे एवं उनके साथियो से प्राप्त हुई।

इस घटना की जानकारी प्राप्त होते ही अलका चंद्राकर ने तत्काल मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, विधायक पुरंदर मिश्र से संपर्क कर शव को मंदिर से हेलिकॉप्टर की व्यवस्था से नीचे उतरवाकर रूद्र प्रयाग हॉस्पिटल पहुंचाए एवं शासन के खर्च से ही उनके शव को एंबुलेंस सुविधा से बागबाहरा लाया जा रहा है।

इस पूरे कार्य में महासमुंद कलेक्टर प्रभात मलिक की तत्परता संवेदनशीलता तारीफ काबिल रही, जिन्होंने मृत हेमंत के शव को बागबाहरा लाने के लिए हर संभव प्रशासनिक मदद किए। रुद्रप्रयाग से वहां की व्यवस्था किए। आज देर रात मृतक का शव बागबाहरा पहुंच सकता है।



## वन विभाग ने बिजली विभाग के खिलाफ दर्ज की पीओआर

# करंट की चपेट में आने से हाथी की मौत मामले में बिजली विभाग की खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सूरजपुर परिक्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व हाथी की करंट लगने से मौत के मामले ने बिजली विभाग की पोल खोल कर रख दी है। हाथी की करंट से मौत बिजली खंभा गिरने से उसमें लगे हाईटेंशन वायर की चपेट में आने से हुई है। हाथी पर जो सीमेंट का बिजली खंभा गिरा था, उस खंभा के नीचे बोल्डर का जो बेस देना था, वह नहीं था। खंभा को मिट्टी खोदकर गाड़ दिया गया था। दो हाथी आपस में द्वंद्व कर रहे थे या खेल रहे थे, इस दौरान एक हाथी बिजली खंभा से टकरा गया और खंभा उस पर गिर गया। करंट की चपेट में आने से हाथी की मौके पर ही मौत हो गई।

गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों की करंट से मौत होने पर बिजली विभाग अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। बिजली विभाग के अफसर ग्रामीणों द्वारा बिछाए करंट की चपेट में आने से मौत होने की बात कह कर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जाते हैं। गौरतलब है कि ग्रमीणों द्वारा हाईटेंशन वायर से हुकिंग कर बिजली चोरी करने पर बिजली विभाग के अफसरों को हुकिंग करने वाले के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए, लेकिन विभाग किसी तरह से कोई कार्रवाई नहीं करता।

**सीमेंट पोल के नीचे बोल्डर का बेस नहीं देने की वजह से हाथी पर हाईटेंशन वायर वाला पोल गिरा**



### बिजली पोल लगाने का यह है नियम

शहरी क्षेत्र में जो बिजली पोल लगाया जाता है, वह लोहे का होता है। लोहे के पोल को लगाने के लिए कंक्रीट तथा सीमेंट का बेस दिया जाता है। ग्रामीण क्षेत्र में सीमेंट का पोल लगाया जाता है। सीमेंट का पोल लगाने बेस देने बोल्डर का बेस दिया जाता है। शहर में पोल लगाते समय सीमेंट तथा कंक्रीट का बेस दिया जाता है, लेकिन ऐसे कई ग्रामीण क्षेत्र तथा वनक्षेत्र हैं, जहां से हाईटेंशन वायर लगाया जाता है। उन क्षेत्रों में सीमेंट पोल लगाने नियमों की अनदेखी की जाती है।



### विद्युत मंडल के खिलाफ पीओआर

सूरजपुर फॉरेस्ट एसडीओ अनिल सिंह के मुताबिक विद्युत मंडल द्वारा विद्युत लाइन विस्तार के दौरान गाड़े गए विद्युत खंभे को मजबूती प्रदान करने बेस नहीं दिया गया था। यही वजह है कि मामूली टक्कर में विद्युत खंभा धराशायी हो गया और बिजली करंट की चपेट में आने से हाथी की मौत हो गई। विद्युत विभाग के खिलाफ पीओआर दर्ज कर प्रतिवेदन उच्च अधिकारियों को कार्रवाई के लिए प्रेषित किया गया है।

### एक तिहाई हाथियों की मौत बिजली करंट से

राज्य बनने के बाद से लेकर अब तक 180 हाथियों की मौत हो चुकी है। इनमें से एक तिहाई हाथियों की मौत बिजली करंट से हुई है। जिन हाथियों की बिजली करंट से मौत हुई है, उनमें से ज्यादातर हाथी हाईटेंशन वायर की चपेट में आकर मरे हैं। गौरतलब है कि बिजली विभाग ने हाथियों को करंट से बचाने वर्ष 2018 में बिजली पोल की ऊंचाई बढ़ाने के साथ ही नंगे तारों में कवर कंडक्टर लगाने वन विभाग से 1674 करोड़ रुपए की मांग की थी, इस पर वन विभाग ने बिजली पोल की ऊंचाई बढ़ाने तथा नंगे तारों में कवर कंडक्टर लगाने को बिजली विभाग की जिम्मेदारी बताकर पैसा देने से इनकार कर दिया।

# मध्यप्रदेश की तरह प्रदेश की समितियों को मिले प्रबंधकीय अनुदान राशिः जयप्रकाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश के सहकारी समिति में कार्यरत कर्मचारियों ने मध्यप्रदेश की तर्ज पर प्रबंधकीय अनुदान एवं अपने अन्य मांगों को लेकर तूता स्थित धरना स्थल पर एकजुट होकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। सहकारी समिति कर्मचारी संघ नेता जयप्रकाश साहू ने बताया कि अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदेश पदाधिकारियों ने शासन प्रशासन को वर्षों से मांग पत्र सौंपते आए है, लेकिन इस पर कोई पहल नहीं होता देख प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने प्रदेश के सहकारी कर्मचारियों से एक दिवस सांकेतिक धरना प्रदर्शन के लिए अपील की।

**सहकारी समिति कर्मचारियों की मुख्य मांगें:** प्रदेश सहकारी समिति कर्मचारी संघ की प्रमुख मांगों में वेतन अनुदान, जिला सहकारी बैंकों की भर्ती में संविलयन, धान खरीदी नीति में सुधार, सरकारी कर्मचारियों की भांति शासन का लाभ, सहकारी समिति सेवा नियमों में कर्मचारी हित में सुधार आदि प्रमुख है।

# खाद्य घोटाले में संलिप्त अफसरों पर गिर सकती है गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- खाद्य अधिकारी संघ ने विधानसभा अध्यक्ष और समिति के सभापति से की मांग

खाद्य घोटाले को लेकर विधानसभा की जांच समिति की घोषणा के बाद खाद्य संचालनालय के अफसर सक्रिय हो गए हैं। समिति की पहली बैठक अगले माह के पहले सप्ताह में हो सकती है। उसके पहले प्रदेश की राशन दुकानों में पाई गई कमी और अन्य रिपोर्ट भेजने जिला प्रशासन को लिखा गया है। पूरे मामले में जिस प्रकार से गलत तरीके से कोटा जारी करवाया गया, इसमें संलिप्त अधिकारियों पर जांच शुरू होने के पहले गाज गिर सकती है।

उनका कहना है कि विधानसभा समिति को जांच से भटकाने और खाद्य निरीक्षकों द्वारा हर महीने घोषणापत्र में बचत स्टॉक होने की जानकारी देने के बावजूद संचालनालय के अपर संचालक, संचालक खाद्य को भ्रमित कर कोटा जारी करवाते रहे। 600 करोड़ रुपये का चावल आज भी राशन दुकानों में है, लेकिन निरीक्षकों पर दबाव डाल कर बाजार से बोगस चावल खरीदी करवाया जा रहा है। इसे प्रतिपूर्ति का नाम दिया गया है। छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश में केवल राजस्व वसूली का ही विकल्प है। किसी भी राशन दुकानदार से आज तक कोई वसूली नहीं हो पाई है, उल्टा नियम विपरीत राजस्व वसूली के खिलाफ कवर्धा, कांकेर, बस्तर, जशपुर जिले का मामला कोर्ट तक पहुंचा है।

# पानी की दिक्कत ने पाइपलाइन टेस्टिंग पर लगाया ब्रेक, बारिश के बाद होगी टेस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के 15 वार्डों में 24 घंटे पानी पहुंचाने की स्मार्ट सिटी लिमिटेड की योजना में पाइप लाइन टेस्टिंग के काम पर नगर निगम ने ब्रेक लगा दिया है। पुरानी बस्ती, कुकरीपारा में पाइप लाइन टेस्टिंग के दौरान वार्ड में पानी की किल्लत को देखते हुए इस पर रोक लगाई गई है। इसके साथ ही अन्य वार्डों में इस योजना के तहत पाइप लाइन टेस्टिंग का काम बारिश तक रोका गया है। अब बारिश के बाद ही पाइप लाइन टेस्टिंग की जायेगी। मोतीबाग की पानी टंकी से 4 इलाकों में नई पाइप लाइन से टेस्टिंग का काम बाकी है। इनमें नयापारा, गोलबाजार, जोरापारा, मोमिनपारा और हांडी तालाब का एरिया शामिल है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा एबीडी एरिया के 15 चुने हुए वार्डों में पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत वार्डवासियों को 24 घंटे पीने का साफ पानी उनके घरों तक पहुंचाने 130 करोड़ के प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है। इसके तहत शहर की सबसे बड़ी मोतीबाग की पानी टंकी और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया मानते हुए संबंधित एरिया में 168 किलोमीटर के दायरे में नई पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है, 7 किलोमीटर क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाने का काम अभी बाकी है। ब्राम्हणपारा, पुरानी बस्ती, कुकरीपारा, मठपारा, सिविल लाइन क्षेत्र, बैजनाथ पारा, रामसागरपारा और तात्यापारा, इंदिरा गांधी वार्ड, हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड के रहवासी इलाके में नई पाइप लाइन टेस्टिंग का काम पूरा हो गया है, पर कुछ इलाके अभी भी ऐसे हैं, जहां नई पाइप लाइन टेस्टिंग का काम बाकी है। इनमें समता कालोनी, चौबे कालोनी, शिवनगर सहित अन्य क्षेत्र शामिल हैं।



**बजरंग नगर में दो टाइम दे रहे पानी, टैंकर मुक्त :** शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड के बजरंग नगर में 24 घंटे पानी पहुंचाने की योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के बाद महीनेभर पहले टेस्टिंग कर नियमित रूप से रहवासियों को सुबह-शाम जल आपूर्ति की जा रही है।

# स्टेट पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप खिलाड़ियों ने दिखाया दम-खम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वर्ल्ड पॉवर लिफ्टिंग इंडिया छग एसोसिएशन के तत्वावधान में स्टेट पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम लाखेनगर स्थित ताम्रकार प्लेटिनम फिटनेस जिम में आयोजित था। एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार ने बताया कि प्रतियोगिता में महिला खिलाड़ी मास्टर 40 वर्ष से अधिक में 48 किलो में प्रथम शकुंतला सिंह, 53 किलो में संजीदा खातून प्रथम, 57 किलो में कमला देवी मंगतानी प्रथम, 57 किलो से अधिक में गायत्री बोराट प्रथम रहीं। इसी प्रकार सीनियर वर्ग में 48 किलो में सुचित्रा शर्मा प्रथम, 53 किलो में मुस्कान देवांगन, 58 किलो में सलिता पंडिया, जूनियर वर्ग 48 किलो में सुमन मरकाम प्रथम, 57 किलो में वर्षा चौहान प्रथम, सब जूनियर वर्ग में 48 किलो में जया साहू प्रथम, 53 किलो में निशी, पुरुष वर्ग में मास्टर वर्ग में महेश कुमार आजाद प्रथम, रोहित कुमार चौधरी सहित कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिवल्लभ अग्रवाल, आजीवन अध्यक्ष शिव मोहन शुक्ला साथ में बलदेव एजेंसी के मालिक सुनील सोनू ने किया। इसी दौरान पुरस्कार वितरण प्रोटीन विला के डायरेक्टर दुर्गेश साहू ने किया। प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक लखपति सिंदूर, डीएसएन राव, प्रदीप क्षत्रिय, चंद्रदीप भारती, माताशरण साहू थे।

# रीयल एस्टेट में योजनाओं की रफ्तार धीमी साढ़े पांच माह में 80 का रेरा में पंजीयन

- बीते साल 137 योजनाएं हुईं थीं लांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बीते साल भी बहुत मंदी रही, क्योंकि 137 नई योजनाएं ही आईं, जबकि 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 योजना लांच हुई थीं
- महंगे घरों पर ज्यादा फोकस इसके पीछे का कारण यह है कि इस समय उच्च वर्ग ही रीयल एस्टेट में निवेश कर रहा

रीयल एस्टेट में मंदी का दौर चल रहा है। इस साल भी नई योजनाओं की रफ्तार काफी धीमी है। इस साल अब तक साढ़े पांच माह में 80 नई योजनाओं का ही पंजीयन रेरा में हुआ है। वैसे बीते साल भी बहुत मंदी रही, क्योंकि 137 नई योजनाएं ही आईं, जबकि 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 योजना लांच हुई थीं। इधर जो नई योजनाएं आ रही हैं, उसमें देखने वाली बात यह है कि ज्यादातर योजनाओं में जो घर बन रहे हैं, उनमें महंगे घरों पर ज्यादा फोकस है। इसके पीछे का कारण यह है कि इस समय उच्च वर्ग ही रीयल एस्टेट में निवेश कर रहा है।

पूरे देश में उच्च वर्ग की खरीदारी में इजाफा हुआ है। इसी के साथ गरीब तबका भी खरीदारी के मामले में आगे है। मध्य वर्ग की खरीदारी कम हुई है। अब यह वर्ग सोच समझकर ही खर्च कर रहा है। सबसे ज्यादा पैसे खर्च करने वाला उच्च वर्ग ही है। यही वजह है कि अब रीयल एस्टेट में भी इसी वर्ग को ध्यान में रखकर ज्यादातर घर बन रहे हैं। 2021 में कोरोना के बाद रीयल एस्टेट में त्योहारी सीजन में बहुत घर बिके। करीब छह सौ करोड़ का कारोबार हुआ है। इस कारोबार की रफ्तार ने पहले ही अहसास करा दिया था कि आने वाला साल रीयल एस्टेट के लिए बड़ा अच्छा साल होने वाला है। यह 2022 में देखने को भी मिला। इस साल बड़ा कारोबार हुआ। सालभर में हजार करोड़ से ज्यादा के मकान बिके।




### 2022 में 273 योजनाओं का रिकॉर्ड

रीयल एस्टेट से जुड़ी हर योजना को अब रेरा से मंजूरी लेनी पड़ती है। चाहे वह सरकारी योजना हो या फिर निजी योजना, उनको रेरा में पंजीयन कs बिना प्रारंभ नहीं किया जा सकता। रेरा में जब फरवरी 2018 से पंजीयन प्रारंभ हुआ तो यही साल ऐसा रहा, जिसमें रिकॉर्डतोड़ 897 योजनाओं का पंजीयन हुआ। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हर बिल्डर को अपनी पुरानी योजनाओं का भी पंजीयन कराना जरूरी था। दूसरे साल पुरानी और नई योजनाओं को मिलाकर 192 योजनाएं मंजूर हुईं। 2020 में कोरोनाकाल होने के बाद भी 100 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। 2021 में पिछला रिकॉर्ड टूटा और 136 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ। 2022 में योजनाओं की बाढ़ आई। इस साल जनवरी में 20 योजनाएं लांच हुईं। अगले माह फरवरी में यह रिकॉर्ड टूटा और 23 योजनाएं आईं। मार्च में भी फरवरी का रिकॉर्ड टूटा और 26 योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। इसके बाद अप्रैल में नया रिकॉर्ड बना और 36 योजनाएं पंजीकृत हुईं। मई और जून में 19-19 योजनाएं लांच हुईं। जुलाई में रिकॉर्डतोड़ 44 योजनाएं लांच हुईं। इसके बाद अगस्त में 18, सितंबर में 21, अक्टूबर में 11, नवंबर में सबसे कम चार और दिसंबर में 28 योजनाएं आईं। कुल मिलाकर इस साल में 273 नई योजनाएं लांच हुईं। इसके बाद बीते साल 2023 में योजनाओं की रफ्तार धीमी हो गई और पहली छमाही में 71 और दूसरी में 66 योजनाएं आईं।

### *अब तक 80 योजनाएं*

*नए साल 2024 की पहली छमाही में अब तक 80 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ है। पहले माह जनवरी में महज 8 नई योजनाएं आईं। इसके बाद फरवरी में 18, मार्च में 14 और अप्रैल में 20 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ है। मई में 12 और जून में अब तक 8 नई योजनाएं आईं हैं। कुल मिलाकर अब तक 80 नई योजनाएं आईं हैं। अब आने वाले समय में योजनाओं की रफ्तार और धीमी पड़ने की संभावना है, क्योंकि अब प्रदेशभर में जमीनों की कीमत 30 फीसदी बढ़ गई है। पिछली सरकार ने जमीनों की कीमत में 30 फीसदी की छूट दी थी, जो अब अप्रैल से समाप्त हो गई है।*

## खबर संक्षेप

### टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। मामला 7 जून का है। इलाज कराकर आने के बाद मामले की रिपोर्ट बसना थाने में दर्ज कराई है। पुलिस को प्रार्थी बसंत बेहरा पिता मोहन बेहरा (28 साल) निवासी डूमरपाली ने बताया कि उसके ससुर ब्रह्मानंद तांडी की बाइक सीजी 06 जेडएफ 2482 को आरोपी बाइक क्र सीजी 06 जीजे 9468 के चालक अजय चौधरी ने अपने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर पीछे से ठोकर मार दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### पति-पत्नी से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम टेमरी में खेत में मेड़ देने की बात पर एक व्यक्ति ने पति-पत्नी से मारपीट की। पुलिस को प्रार्थी हृदयानंद कुमार पिता कार्तिको कुमार ने बताया कि आरोपी परमानंद कुमार ने खेत में मेड़ देने की बात को लेकर गालियां देते और जान से मारने की धमकी देते हुए उसे और उसकी पत्नी के साथ मारपीट करते हुए चोट पहुंचाया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### शराब दुकान के पास मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** कोमाखान के शराब दुकान के पास मारपीट की घटना में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। देशी शराब दुकान के पास जीतू धीवर पिता धनेश धीवर (32) निवासी लुकूपारा कोमाखान के साथ आरोपी त्रिथाकर यादव पिता शंभु यादव (25 साल) निवासी वार्ड 2 कोमाखान ने पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### स्कूल से बाइक चोरी

**महासमुंद।** बागबाहरा के पब्लिक स्कूल परिसर से बाइक चोरी हो गई। चूड़ामणि साहू पिता घासीराम साहू निवासी कस्तूरबोड़ ने पुलिस को बताया कि बागबाहरा के पब्लिक स्कूल परिसर में खड़ी उसकी बाइक सीजी 06 पीए 5662 को अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली। रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम पचरी के गानो तालाब के पास दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ पटेवा थाने में रिपोर्ट लिखाई है। पहले पक्ष के आशीष लहरे पिता पवन लहरे (18 साल) ने आरोपी अर्जुन जोशी पिता रतिराम जोशी व एक अन्य के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट लिखाई है। जिस पर पुलिस ने धारा 294, 323, 34, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है। वहीं अर्जुन जोशी पिता रतिराम जोशी (34 साल) ने आरोपी आशीष लहरे पिता पवन लहरे के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज व जान से माने की धमकी देने की रिपोर्ट लिखाई है। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत जुर्म दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

### महिला से चार लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम बेलडीह में एक महिला के साथ चार लोगों ने मारपीट की। प्रार्थी कुमोदनी पति ललेश डडसेना ने पुलिस को बताया कि उसके साथ आरोपी ललेश डडसेना, सोनू डडसेना, नानबाई और विद्याचरण ने गाली गलौज, हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी है। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### युवक से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** दलदली रोड हनुमान मंदिर के पास एक इंश्योरेंस एग्जीक्यूटिव से दो लोगों ने मारपीट की। प्रार्थी की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली महासमुंद में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। प्रार्थी राविंद उपाध्याय पिता तीरथ नाथ उपाध्याय (37 वर्ष) निवासी वार्ड नं 26 पंचशील क्लब के बाजू क्लब पारा ने बतायाकि मै जायका इंश्योरेंस कंपनी में इंश्योरेंस एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्य करता हूं। 17 जून को शाम को करीब 4 बजे अपने वाहन से क्लब पारा अपने घर से लोहारडीह जा रहा था।

शहर की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए नागरिकों ने सौंपा ज्ञापन

# केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू धमतरी पहुंचे, हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

केंद्रीय शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू मंगलवार को कांकेर जाते समय कुछ देर के लिए घड़ी चौक में रूके, जहां भाजपाइयों, शहरवासियों, व्यापारियों एवं विभिन्न समाज के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। इसके साथ ही जिले में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा। भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं एवं आतिशबाजी से उनका स्वागत किया। श्री साहू ने पीएम को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में सहयोग करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं एवं आम जनता का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक रंजना साहू, जिला महामंत्री अविनाश दुबे, नरेन्द्र रोहरा, चेतन हिन्दूजा, विजय मोटवानी, बीथिका विश्वास, बसीर अहमद, विजय साहू, डीपेन्द्र साहू, धनीराम सोनकर, संतोष सोनकर, सुशीला तिवारी, प्राची सोनी, ईश्वर सोनकर, विनोदराव रणसिंह, नीरज जगताप, फलेश साहू, चन्द्रकला पटेल, संगीता जगताप, नीतू द्विवेदी, कोमल सार्वा, कैलाश सोनकर, युवराज मरकाम, भागवत साहू, वेदप्रकाश साहू, ओमेश यादव, राम सोनी, दौलत वाधवानी, नीरज शुक्ला, अमित साहू, अनुश शर्मा आदि थे।

### राज्य में विकास के नए आयाम गढ़ेंगे



केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री साहू ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश लगातार नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। जनता के आशीर्वाद से उन्होंने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है। देश अब अपने सभी लक्ष्यों को प्राप्त करेगा। डबल इंजन की सरकार में अब तीव्र गति से विकास करेगा। छत्तीसगढ़ राज्य का सर्वांगीण विकास होगा। राज्य में विकास के नए आयाम गढ़ेंगे। राज्य में व्याप्त समस्याओं को जल्द दूर कर लिया जाएगा। राज्य के सभी जिलों में विकास की गंगा बहेगी। आगे कहा कि हमारी सरकार किसानों की खुशहाली के लिए लगातार काम कर रही है। मोदी सरकार ने किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त जारी कर दी है। छग की जनता ने भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंककर भाजपा को आशीर्वाद दिया है जिसके कारण कांग्रेसी बौखलाए हुए हैं। हार का खीज उतारने कांग्रेसी प्रोपेगेंडा कर रही है। बलौदाबाजार हिंसा को लेकर बेमतलब बयानबाजी कर प्रदर्शन कर रहे हैं।

### शिवकथा में आने का न्योता



20-25 सितम्बर तक कुकरेल में आयोजित पं. प्रदीप मिश्रा की शिवपुराण कथा में आने का न्योता आयोजन समिति ने राज्यमंत्री को दिया है। इस पर श्री साहू ने अपनी सहमति दी है। इस अवसर पर समिति के हेमराज सोनी, संदीप अग्रवाल, दीपक ठाकुर, दिलीप बड़जात्या, राजेश साहू, दर्शन जैन, अभिषेक तिवारी, कमलेश निर्मलकर, चित्रेश साहू आदि मौजूद थे।

### टोल टैक्स के बोझ से दिलाएं राहत



धमतरी चेंबर आफ कॉमर्स के पदाधिकारी नरेन्द्र रोहरा, सुनील जैन, कैलाश कुकरेजा, रविन्दर सिंह छाबड़ा, दिनेश रोहरा, आलोक पांडे ने शहर हित के लिए राजमार्ग में लगने वाले टोल टैक्स के बोझ से राहत देने की मांग की है। ज्ञापन में कहा कि टोल टैक्स ने शहर की आम जनता पर बोझ बढ़ा दिया है। आम जनता को इस मार्ग से अधिकतर जाना होता है। टोल टैक्स ने यात्रा का खर्च बढ़ा दिया है। कुछ व्यापारियों को दो से तीन बार रायपुर जाना पड़ता है। एक बार के 130 रूपये के हिसाब से डेली रनिंग महंगी पड़ रही है। सीजी 05 के सभी वाहनों को टोल टैक्स से मुक्त रखा जाए। हैवी और बड़ी गाड़ियों को 60 प्रतिशत तक छूट दी जाए।

# सुभाष नगर वार्ड में रंगमंच का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सुभाष नगर वार्ड में कांटा तालाब पानी टंकी के पास रंगमंच का लोकार्पण मुख्य अतिथि महापौर विजय देवांगन एवं वार्ड की नारी शक्तियों ने किया।

इस अवसर पर महापौर श्री देवांगन ने कहा कि वार्डवासियों की मांग पर रंगमंच का निर्माण किया गया है। श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र में रंगमंच बन जाने से सांस्कृतिक, धार्मिक, सामाजिक आयोजनों के लिए एक उचित स्थल मिल जायेगा। मौके पर पर नारद बांगडे, राजाराम महार, नीलमणि साहू, रवि देवांगन, गीता वैष्णव, त्रिलोचन देवांगन, जानकी यादव, कृति देवांगन, जानकी निर्मलकर, गोपी रजक, कलीबाई साहू सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

# प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे

■ भाजपा गंगरेल मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में कंडेलवासियों ने कलेक्टर से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



भाजपा गंगरेल मंडल अध्यक्ष उमेश साहू ने ग्राम कंडेल की विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर श्रीमती नम्रता गांधी से मुलाकात की। गांव से करीब 20 लोग आए थे। ग्रामीणों ने बताया कि कंडेल में लगा ट्रांसफार्मर खराब है। शिकायत के बाद भी इसे सुधारा नहीं गया। प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे चल रही है। उन्होंने स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति करने की मांग की। ग्रामीणों ने आगे बताया कि गांव का वाटर लेवल बहुत नीचे गिर गया है। धान की बजाय दलहन की खेती करने शासन से सहयोग की अपेक्षा है। आगे कहा कि जिन किसानों के पास पानी है, वह धान की खेती करते हैं जिसे देख अन्य किसान भी धान लगाते हैं। शासन स्तर पर अगर प्रतिबंध लगे तो निश्चित रूप से सभी लोग दलहन की खेती करेंगे जिससे वाटर लेवल भी बना रहेगा। जिलाधीश ने कहा कि ग्रामवासी स्वस्फूर्त इस विषय पर सोच रहे हैं। यह अच्छी बात है। यदि कंडेल के कृषक धान छोड़कर दलहन की खेती करना चाहेंगे तो वहां इनाम स्वरूप 10 लाख रुपए का विकास कार्य कराया जाएगा। इस दौरान गिरधर सार्वा, डोमन साहू, राधेश्याम साहू, नकुल मछिंद्र, जीवन ढीमर, छबिलाल, ललित साहू, चैतबती साहू, टोमन सार्वा उपस्थित थे।

# 200 बच्चों को ड्राइंग सेट, पानी बोतल और टिफिन बॉक्स बांटा



■ देवांगन समाज ने विद्यारंभ संस्कार, पुस्तक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नए शिक्षा सत्र आरंभ होने के पूर्व धमतरी मंडल देवांगन समाज ने विद्यारंभ संस्कार, करियर गाइडेंस समेत पुस्तक संग्रहण व वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। दानीटोला स्थित देवांगन धर्मशाला में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के जरिए करीब 200 बच्चों को ड्राइंग सेट के अलावा पानी बोतल और टिफिन बॉक्स बांटा गया। कुलदेवी मां परमेश्वरी की पूजा-अर्चना के बाद गायत्री परिवार से जुड़ी महिलाओं ने विद्यारंभ संस्कार की रस्में निभाई। माता-पिता ने अपने-अपने बच्चों के हाथ को पकड़कर ओम भूर्भुवस्वः मंत्र लिखा। कार्यक्रम 2 चरण में हुए। प्रथम चरण में सुबह विद्यारंभ संस्कार कार्यक्रम हुआ, जबकि दूसरे चरण में करियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गायत्री परिवार की महिलाओं को महिला मंडल ने स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता आशीष देवांगन आयुक्त नगर निगम भिलाई, राजा देवांगन प्राचार्य, वेंकेटेश देवांगन, चेतन देवांगन ने कहा कि बच्चों के करियर में माता-पिता की अहम भूमिका होती है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष जगदीशचंद्र देवांगन, संरक्षक भागवत देवांगन, सचिव टीकम देवांगन, कोषाध्यक्ष राजकुमार देवांगन, उपाध्यक्ष संतोष देवांगन, विशेष सलाहकार टीकाराम देवांगन, युवा जिलाध्यक्ष डीपेश देवांगन, विजय देवांगन, अभ्यास देवांगन, मंथरा देवांगन, मीरा देवांगन, शैलेंद्र देवांगन, हेमा देवांगन, खुशबू देवांगन, रामेश्वरी देवांगन का सहयोग रहा।

# साहू समाज ने किया केंद्रीय राज्यमंत्री का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

### मां कर्मा, भगवान जगन्नाथ की मूर्ति भेंट की

आवास एवं शहरी विकास केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के प्रथम धमतरी आगमन पर साहू समाज ने शिवाजी चौक के पास आतिशबाजी कर फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। उन्हें मां कर्मा, भगवान जगन्नाथ की मूर्ति भेंट की।

जिलाध्यक्ष अवनेन्द्र साहू ने बताया कि मोदी कैबिनेट में छत्तीसगढ़ से बिलासपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद तोखन साहू को आवास एवं शहरी विकास केंद्रीय राज्य मंत्री बनाए जाने से पूरा साहू समाज गौरवन्वित है।

मौके पर जिला उपाध्यक्षद्वय तोरणलाल साहू, केकती साहू, महासचिव यशवंत साहू, सचिव लीलाराम साहू, पूर्व महासचिव विजय साहू, डीपेंद्र साहू, नगर पंचायत आमदी अध्यक्ष हेमंत माला, तहसील अध्यक्षगण रोहित साहू, गोपाल साहू, तोषण साहू, गजानंद साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, कोमल साहू, बृजेश साहू, चोवाराम साहू, पुष्पलता साहू, विजयलक्ष्मी गंजीर, संतोषी साहू, दयावती साहू, कुंती साहू, द्रोपदी साहू, भूमिका साहू, रेणुका साहू, नंदझरुखा साहू, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पवन गजपाल, राजेंद्र साहू, विरेंद्र साहू, मनोज साहू, तहसील सचिव भोलाराम साहू, जितेन्द्र साहू, चन्द्रहास साहू, अमित साहू, पंकज साहू, भूषण साहू, नीलमणि साहू, किरण सोनबेर, श्यामसुंदर साहू, हार्दिक साहू, सोमन साहू, फलेश साहू, पुष्पेंद्र साहू, विजय गौतम साहू, महेश साहू, कृष्णाराम साहू, भोजेंद्र साहू समेत बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

# गायन में उत्कृष्टता के लिए समय समर्पण और नियमित अभ्यास की जरूरत



■ अंबेडकर मंगल भवन में 35 दिनों तक बच्चों ने सीखी संगीत की बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष पालनहार मेश्राम के नेतृत्व तथा दानीटोला वार्ड धमतरी निवासी कुंजीलाल कुटारे की माता सोना बाई कुटारे की स्मृति में 35 दिनों तक संगीतकला और गायन का आयोजन दानीटोला वार्ड अंबेडकर मंगल भवन धमतरी में किया गया। यह संगीतकला और गायन प्रशिक्षण सभी वर्ग के बच्चों के लिए निःशुल्क रखा गया था। खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय के प्रशिक्षित शिक्षक अजय वर्मा और तन्मय वर्मा ने बच्चों को संगीत और गायन के बारे में बताया। कार्यक्रम का समापन 12 जून को हुआ। इस अवसर पर अज्जू देशलहरे पार्षद ने कहा कि गायन आवाज के साथ संगीतमय ध्वनि उत्पन्न करने का कार्य है और स्वर और लय दोनों के उपयोग से नियमित भाषण को बढ़ाता है। गायन में उत्कृष्टता के लिए समय, समर्पण और नियमित अभ्यास की आवश्यकता होती है। अध्यक्ष श्री मेश्राम ने कहा कि बच्चों को संगीत में डुबोने से उनकी दिमागी शक्ति बढ़ेगी। संगीत मस्तिष्क के उन हिस्सों को उत्तेजित करता है जो शैक्षणिक उपलब्धि से जुड़े होते हैं, जैसे पढ़ना और गणित और भावनात्मक विकास। मौके पर दिनेश रामटेके, लालाराम वैद्य, दीपक वैद्य, संजय गजबिए, परमेश्वर खापर्डे, विजेंद्र रामटेके, विठ्ठल सहारे, प्रवीण सहारे, उमाकांत वैद्य, वर्षा वैद्य, रोमी गजबिए, नम्रता कुटारे, सुनीता चमन गजबिए, तारा वैद्य, रोशनी उइके, रूपा नागदेवे समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। यह जानकारी भारतीय बौद्ध महासभा के मीडिया प्रभारी श्रवण रंगारे और खगेंद्र कुटारे ने दी है।

आयुष योगा वेलनेस सेंटर में निःशुल्क योग शिविर का आयोजन

# योग से नहीं होंगी शरीर एवं मन से संबंधित बीमारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





आयुष योगा वेलनेस सेंटर पालीक्लिनिक कलेक्ट्रेट परिसर रुद्री रोड धमतरी में 21 जून निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया है। इस दौरान प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तक योग सिखाया जा रहा है। योग चिकित्सक डॉ. रेवती नेताम ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया।

मानसिक तनाव से निजात दिलाने, कमजोर पाचन को तंत्र मजबूत करने, फेफड़ा, मस्तिष्क में आक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाने वाले, सर्वाइकल, कमर दर्द, पीठ दर्द, हाथ पैर दर्द को दूर करने वाले योगासनों का लाभ बताते हुए योग अभ्यास करवाया। लोगों ने पर्वतासन, वज्रासन, शशांक आसन, तितली आसन, उष्ट्रासन, शव आसन, पवन मुक्तासन सहित 15 प्रकार के अलग-अलग योग का अभ्यास किया। डॉ. नेताम ने कहा कि नियमित रूप से योगाभ्यास करते रहेंगे तो शरीर एवं मन से संबंधित बीमारियां नहीं होंगी। अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं भ्रामरी का अभ्यास करवाकर मन को शांत रखने के तरीके भी बताए।

गौरतलब है कि संचालनालय आयुष विभाग के निर्देशन एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 19 से 21 जून तक तीन दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया है।

